# 23 वाक्य-परिवर्तन

## पाठ-योजना

### पाठ का उद्देश्य

- वाक्य-परिवर्तन की प्रक्रिया से अवगत कराना।
- रचना तथा अर्थ की दृष्टि से वाक्य-परिवर्तन समझाना।

### सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

### पूर्व-ज्ञान

- वाक्य की शुद्धता का क्या आधार है?
- क्या एक वाक्य को अलग-अलग तरीकों से कहा जा सकता है?

### प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना–
  - एक प्रकार के वाक्य को दूसरे प्रकार के वाक्य में बदलने की प्रक्रिया को वाक्य-परिवर्तन कहा जाता है।
  - वाक्य-परिवर्तन दो दृष्टियों से हो सकता है– रचना की दृष्टि से तथा अर्थ की दृष्टि से।
  - रचना की दृष्टि से वाक्य-परिवर्तन में सरल, संयुक्त तथा मिश्र वाक्यों का आपस में परिवर्तन किया जा सकता है।
  - अर्थ की दृष्टि से वाक्य-परिवर्तन में निषेधात्मक, कथनात्मक, प्रश्नवाचक, आज्ञार्थक, विस्मयादिबोधक, इच्छार्थक, संदेहवाचक, संकेतवाचक वाक्यों का आपस में परिवर्तन किया जा सकता है।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।